Adda247 GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
# CEN 01/2024 - ALP / सहायक लोको पायलट

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/11/2024 |
| Test Time | 12:30 PM - 1:30 PM |
| Subject | ALP Stage 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** यदि $x + \frac{1}{x} = 4$ है, तो $x^2 + \frac{1}{x^2} = ?$

**Ans**
✔ 1. 14
✗ 2. 12
✗ 3. 18
✗ 4. 16

**Q.2** 42 का वर्ग क्या है?

**Ans**
✗ 1. 1564
✗ 2. 1664
✗ 3. 1504
✔ 4. 1764

**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर KGFL, OJHM से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, ASNP, EVPQ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MBTS निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

**Ans**
✗ 1. QEVW
✗ 2. QEXS
✔ 3. QEVT
✗ 4. QFVT

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**40,000+**
Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**500+**
Exam Covered

Previous Year Papers

**500%**
Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**DOWNLOAD NOW**

**Q.4** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

YZX, VWU, STR, PQO, MNL, ?

**Ans**
- ✗ 1. KJI
- ✗ 2. IJK
- ✓ 3. JKI
- ✗ 4. CBA

**Q.5** रमेश और सुरेश की मिट्टी की इमारतों की ऊंचाई क्रमशः 8 cm और 15 cm है। वे एक-दूसरे से 24 cm की दूरी पर हैं। उनकी मिट्टी की इमारतों के शिखर एक-दूसरे से कितनी दूर हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 24 cm
- ✓ 2. 25 cm
- ✗ 3. 31 cm
- ✗ 4. 30 cm

**Q.6** $CaCl_2$ का सूत्र इकाई द्रव्यमान क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 115 u
- ✗ 2. 110 u
- ✓ 3. 111 u
- ✗ 4. 114 u

**Q.7** 24% की कमी करने के बाद, एक वस्तु का मूल्य ₹988 है। वस्तु का वास्तविक मूल्य कितना है?

**Ans**
- ✓ 1. ₹1,300
- ✗ 2. ₹1,400
- ✗ 3. ₹1,100
- ✗ 4. ₹1,200

**Q.8** यदि किसी गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $2124\frac{4}{7}$ $cm^2$ है, तो उस गोले का व्यास ज्ञात कीजिए। [$\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग कीजिए]

**Ans**
- ✓ 1. 26 cm
- ✗ 2. 13 cm
- ✗ 3. 14 cm
- ✗ 4. 28 cm

**Q.9** राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 में कितनी खेल हस्तियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त हुआ?

**Ans**
- ✗ 1. 6
- ✗ 2. 5
- ✗ 3. 3
- ✓ 4. 2

Adda247

Q.10 पूर्णतया विभेदित जीव द्वारा अपने शरीर के अंगों से नए जीवों को जन्म देने की क्षमता क्या कहलाती है?

Ans
✗ 1. मुकुलन
✓ 2. पुनर्जनन
✗ 3. खंडन
✗ 4. विखंडन

Q.11 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

45 95 245 695 ?

Ans
✓ 1. 2045
✗ 2. 1995
✗ 3. 2125
✗ 4. 2075

Q.12 निम्नलिखित में से हमारे शरीर की सबसे लंबी कोशिका कौन-सी है?

Ans
✗ 1. रक्त कोशिका
✗ 2. अंडाणु
✓ 3. तंत्रिका कोशिका
✗ 4. वसा कोशिका

Q.13 37 लोगों की एक पंक्ति में, अनीशा बाएं छोर से 12वें स्थान पर है। दाएं छोर से उसका स्थान क्या है?

Ans
✗ 1. 24
✗ 2. 16
✗ 3. 27
✓ 4. 26

Q.14 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. JH-FI
✗ 2. QO-MP
✗ 3. TR-PS
✓ 4. NL-JL

Adda247

**Q.15** यदि 6 आदमी और 8 लड़के एक काम को 10 दिन में कर सकते हैं, जबकि उसी काम को 26 आदमी और 48 लड़के 2 दिन में कर सकते हैं, तो 15 आदमी और 20 लड़कों को उसी तरह का काम करने में कितने दिन लगेंगे?

**Ans**
- ✗ 1. 6 दिन
- ✗ 2. 7 दिन
- ✗ 3. 5 दिन
- ✓ 4. 4 दिन

**Q.16** **कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता (full functional literacy) प्राप्त करने वाला पहला राज्य बना?**

**Ans**
- ✓ 1. लद्दाख
- ✗ 2. चंडीगढ़
- ✗ 3. लक्षद्वीप
- ✗ 4. पुदुचेरी

**Q.17** 12 कलमों और 7 पेंसिलों का मूल्य ₹233 है। यदि एक कलम का मूल्य ₹1.50 कम हो जाता है, और एक पेंसिल का मूल्य ₹1 बढ़ जाता है, तो 2 कलमों और 3 पेंसिलों का मूल्य ₹48 हो जाता है। 2 कलमों और 3 पेंसिलों का आरंभिक मूल्य ज्ञात कीजिए?

**Ans**
- ✗ 1. ₹46
- ✗ 2. ₹41
- ✓ 3. ₹48
- ✗ 4. ₹54

**Q.18** उस त्रय का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिस पैटर्न का अनुसरण नीचे दिए गए दो त्रयों द्वारा किया जाता है। दोनों त्रय समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

LG-MH-OP

HC-ID-KL

**Ans**
- ✗ 1. KF-LG-NP
- ✗ 2. OJ-PK-RT
- ✗ 3. ID-JE-LN
- ✓ 4. JE-KF-MN

**Q.19** निम्नलिखित में से कौन-सा हॉर्मोन सभी अंगों के विकास को उद्दीप्त करता है?

**Ans**
- ✓ 1. वृद्धि हॉर्मोन
- ✗ 2. इंसुलिन
- ✗ 3. ग्लूकागॉन
- ✗ 4. एड्रिनलीन

Adda247

**Q.20** स्वर्णा का व्यय उसकी बचत से 125% अधिक है। यदि उसके व्यय में 6% की कमी हो जाती है और बचत में 26.5% की वृद्धि हो जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होती है?

**Ans**
- ✗ 1. 20.5%
- ✗ 2. 8%
- ✗ 3. 18.5%
- ✓ 4. 4%

**Q.21** विनीत बिंदु Y से चलना आरंभ करता है और उत्तर की ओर 10 km चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 29 km चलता है, दाईं ओर मुड़ता है और 34 km चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 13 km चलता है। वह अंतिम बार दाईं ओर मुड़ता है और 24 km चलता है और बिंदु Z पर ठहरता है। बिंदु Y पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर तक (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किए जाएं, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

**Ans**
- ✓ 1. 16km पश्चिम की ओर
- ✗ 2. 14km उत्तर की ओर
- ✗ 3. 19km पूर्व की ओर
- ✗ 4. 24km दक्षिण की ओर

**Q.22** **2024 में 'निवेशक सूचना और विश्लेषण प्लेटफॉर्म' के विकास के लिए कौन-सा संस्थान उत्तरदायी है?**

**Ans**
- ✓ 1. आईआईटी मद्रास
- ✗ 2. आईआईटी बॉम्बे
- ✗ 3. आईआईटी दिल्ली
- ✗ 4. आईआईटी कानपुर

**Q.23** उस समुच्चय को चुनिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(2, 24, 6)

(4, 32, 2)

**Ans**
- ✗ 1. (5, 70, 3)
- ✗ 2. (9, 80, 1)
- ✓ 3. (6, 108, 3)
- ✗ 4. (3, 48, 4)

**Q.24** दिए गए प्रेक्षणों, 3, 6, 8, 10, 12, 14, 18, 24 और 31 का समान्तर माध्य क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 15
- ✓ 2. 14
- ✗ 3. 17
- ✗ 4. 16

Adda247

**Q.25** एक निश्चित कूट भाषा में, 'big small average' को '22 33 55' लिखा जाता है, 'small treat party' को '55 44 77' लिखा जाता है, और 'party average people' को '77 22 99' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'people' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans**
✗ 1. 22
✗ 2. 55
✓ 3. 99
✗ 4. 77

**Q.26** एक आयताकार टंकी के आधार का क्षेत्रफल 6500 $cm^2$ है और उसमें मौजूद पानी की मात्रा (volume) 2.6 घन मीटर है। टंकी में पानी की गहराई क्या है?

**Ans**
✗ 1. 6 m
✗ 2. 3.5 m
✓ 3. 4 m
✗ 4. 5 m

**Q.27** **11 अगस्त, 2024 को लॉन्च हुई भीम सिंह की पुस्तक का नाम क्या है?**

**Ans**
✗ 1. भारतीय क्रांति के दिग्गज (Legends of Indian Revolution)
✓ 2. भारत के 75 महान क्रांतिकारी (75 Great Revolutionaries of India)
✗ 3. भारत के गुमनाम योद्धा (Unsung Warriors of India)
✗ 4. भारतीय स्वतंत्रता के नायक (Heroes of Indian Freedom)

**Q.28** सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। E बाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। D के दाईं ओर केवल एक व्यक्ति बैठा है। G, D के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। B, C के ठीक दाईं ओर बैठा है। F, A के दाईं ओर नहीं बैठा है। F और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
✓ 1. एक
✗ 2. दो
✗ 3. चार
✗ 4. तीन

Adda247

**Q.29** कुछ निश्चित आकड़ों के लिए, बहुलक 24.6 और माध्य 20.1 है। आनुभविक सूत्र (empirical formula) का प्रयोग करते हुए, आकड़ों का माध्यक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 23.5
✗ 2. 22.2
✓ 3. 21.6
✗ 4. 24.1

**Q.30** दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?

(27 + 15) × 2 − (95 ÷ 5) + 25 × 4 − 135 = 62

(ध्यान दें: संपूर्ण संख्या को आपस में बदला जाना चाहिए, न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों को।)

**Ans**

✔ 1. 95 और 135

✗ 2. 25 और 27

✗ 3. 5 और 15

✗ 4. 2 और 4

**Q.31** कार्बन में कार्बन के ही अन्य परमाणुओं के साथ आबंध बनाने की अद्वितीय क्षमता होती है। इस गुणधर्म को _____ के नाम से जाना जाता है।

**Ans**

✗ 1. समजातीय (homologous)

✗ 2. चक्रीकरण (cyclisation)

✗ 3. अपररूप (allotropes)

✔ 4. श्रृंखलन (catenation)

**Q.32** यदि शब्द VERIFY के प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, और प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में कितने व्यंजन मौजूद होंगे?

**Ans**

✔ 1. छह

✗ 2. तीन

✗ 3. पांच

✗ 4. चार

**Q.33** किस ब्याज दर पर (प्रतिशत में) 5 वर्ष में ₹1,300 पर साधारण ब्याज के रूप में ₹520 की धनराशि प्राप्त होगी?

**Ans**

✗ 1. 5%

✗ 2. 4%

✗ 3. 7%

✔ 4. 8%

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.34 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दे: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है)

(6, 37)

(8, 65)

Ans
✗ 1. (5, 24)
✗ 2. (7, 49)
✗ 3. (3, 27)
✓ 4. (9, 82)

Q.35 **निम्नलिखित में से किसने, पैरालिंपिक्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 शूटिंग श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता?**

Ans
✗ 1. अमूल्य चौधरी
✗ 2. प्रीति पाल
✓ 3. अवनि लेखरा
✗ 4. मनीषा अग्रवाल

Q.36 **निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो सभी जैव निम्नीकरण योग्य सामग्री को दर्शाता है।**

Ans
✗ 1. कांच की बोतल, दूध के पैकेट, अंडे के छिलके, केले के छिलके
✗ 2. दवा की बोतल, पुराना जूता, बासी बिस्कुट
✓ 3. अंडे के छिलके, चाय की पत्तियां, आलू के छिलके
✗ 4. बबल पैक, सब्जियों के छिलके, बासी ब्रेड

Q.37 यदि 'I' का अर्थ '+', 'J' का अर्थ '×', 'K' का अर्थ '÷', और 'L' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

(24 J 3) K 6 I (14 J 2) L 19 =?

Ans
✗ 1. 34
✗ 2. 15
✗ 3. 19
✓ 4. 21

Q.38 यदि एक प्रकाश किरण अपवर्तनांक '$n_1$' के माध्यम से अपवर्तनांक '$n_2$' के माध्यम में इस प्रकार यात्रा कर रही है कि आपतन कोण 'i' और अपवर्तन कोण 'r' है ($0 < i < 90$ डिग्री मानते हुए), तो $n_1/n_2$ _____ के बराबर है।

Ans
✗ 1. $\sin r - \sin i$
✗ 2. $\frac{\sin i}{\sin r}$
✓ 3. $\frac{\sin r}{\sin i}$
✗ 4. $\sin i - \sin r$

**Q.39** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

GHM, IJO, KLQ, MNS, OPU, ?

**Ans**
✔ 1. QRW
✗ 2. QSV
✗ 3. QRV
✗ 4. QSW

**Q.40** निम्नलिखित में से कौन-सा भिन्न $\frac{2}{3}$ से बड़ा और $\frac{4}{5}$ से छोटा है?

**Ans**
✗ 1. $\frac{9}{11}$
✗ 2. $\frac{5}{6}$
✔ 3. $\frac{3}{4}$
✗ 4. $\frac{1}{2}$

**Q.41** एक निश्चित कूट भाषा में, 'know me Better' को 'jf bu pd' लिखा जाता है और 'better Know something' को 'bu jf ls' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'something' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans**
✔ 1. ls
✗ 2. jf
✗ 3. pd
✗ 4. bu

**Q.42** चार अंकों की वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 24, 40 और 56 में से प्रत्येक से पूर्णतः विभाज्य हो।

**Ans**
✔ 1. 1680
✗ 2. 1260
✗ 3. 1080
✗ 4. 1170

**Q.43** किसी बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा बताने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जा सकता है?

**Ans**
✗ 1. जनित्र
✔ 2. चुम्बकीय दिक्सूचक
✗ 3. विद्युत मोटर
✗ 4. परिनालिका

Adda247

Q.44 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ 'A, B की मां है',

A – B का अर्थ 'A, B का भाई है',

A × B का अर्थ 'A, B की पत्नी है',

A ÷ B का अर्थ 'A, B का पिता है',

और A # B का अर्थ 'A, B की बेटी है'।

यदि 'F – E # L × Q – P # N' है, तो P का F से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. भाई का बेटा
✗ 2. भाई की बेटी
✗ 3. मां की बहन
✓ 4. पिता की बहन

Q.45 पृथ्वी और चंद्रमा के बीच गुरुत्वाकर्षण बल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ 1. जब चंद्रमा पृथ्वी से दूर होता है तो गुरुत्वाकर्षण बल विकर्षक होता है।
✗ 2. जब चंद्रमा पृथ्वी से दूर होता है तो गुरुत्वाकर्षण बल आकर्षक और अधिकतम होता है।
✓ 3. जब चंद्रमा पृथ्वी के करीब होता है तो गुरुत्वाकर्षण बल आकर्षक और अधिकतम होता है।
✗ 4. जब चंद्रमा पृथ्वी से दूर होता है तो गुरुत्वाकर्षण बल विकर्षक और न्यूनतम होता है।

Q.46 निम्नलिखित में से किस यौगिक का उपयोग सोडा-अम्ल अग्निशामक में किया जाता है?

Ans
✗ 1. सोडियम कार्बोनेट
✓ 2. सोडियम बाइकार्बोनेट
✗ 3. कैल्शियम क्लोराइड
✗ 4. विरंजक चूर्ण

Adda247


Q.47 स्थलीय पारितंत्र में हरे पौधों द्वारा सौर ऊर्जा का कितना प्रतिशत ग्रहण किया जाता है?

Ans
✗ 1. 100प्रतिशत
✓ 2. 1प्रतिशत
✗ 3. 10प्रतिशत
✗ 4. 5प्रतिशत

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.48** निम्नांकित आलेख का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दंड आलेख एक दुकानदार द्वारा बेची गई अलग-अलग वस्तुओं की संख्या को उनकी क्रमशः मात्राओं में दर्शाता है।




हेडफ़ोन और मोबाइल फ़ोन की मिलाकर कुल कितनी इकाइयां बेची गईं?

**Ans**

✔ 1. 45

✘ 2. 15

✘ 3. 25

✘ 4. 35

**Q.49** किसी पिंड का औसत वेग किसी निश्चित अवधि के लिए प्रारंभिक वेग और अंतिम वेग के समांतर माध्य द्वारा दिया जा सकता है, जब पिंड _______ ।

**Ans**

✘ 1. एकसमान वेग से गतिमान हो

✘ 2. एकसमान चाल से गतिमान हो

✘ 3. असमान त्वरण से गतिमान हो

✔ 4. एकसमान त्वरण से गतिमान हो

**Q.50** एक पुलिसकर्मी जिसकी चाल 10 km/h है, 8 km/h की चाल से भाग रहे एक चोर का पीछा करता है। यदि चोर पुलिसकर्मी से 100 m आगे है, तो पुलिसकर्मी को चोर को पकड़ने में कितना समय लगेगा?

**Ans**

✘ 1. 6 मिनट

✘ 2. 2 मिनट

✘ 3. 10 मिनट

✔ 4. 3 मिनट

Q.51 जब सोडियम सल्फेट, बेरियम क्लोराइड के साथ अभिक्रिया करता है तो निम्नलिखित में से किस उत्पाद का निर्माण होता है?

Ans
1. $BaSO_4$ और 2NaCl (aq) का पीला अवक्षेप
2. $BaSO_4$ और 2NaCl (aq) का श्वेत अवक्षेप ✔
3. $BaSO_4$ और 2NaCl (aq) का काला अवक्षेप
4. $BaSO_4$ और 2NaCl (aq) का भूरा अवक्षेप

Q.52 यदि शब्द GROUPS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और फिर अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर बाईं ओर से तीसरे स्थान पर होगा?

Ans
1. T
2. S
3. Q ✔
4. P

Q.53 ΔPQR के अंतः समद्विभाजक ∠Q और ∠R, S पर मिलते हैं। यदि ∠P =75° है, तो ∠QSR का मान कितना है?

Ans
1. 127.5° ✔
2. 112.5°
3. 102.5°
4. 105.5°

Q.54 जून 2024 में, भारतीय सेना ने खालूबार युद्ध स्मारक को पर्यटकों के लिए खोल दिया, जो भारत के ______ में स्थित है।

Ans
1. लद्दाख ✔
2. बेंगलुरु
3. चंडीगढ़
4. नई दिल्ली

Q.55 भारतीय वायु सेना (IAF) की टुकड़ी मलेशिया में अभ्यास ___________ में भाग लेने के बाद 10 अगस्त 2024 को भारत लौट आई।

Ans
1. कोप इंडिया
2. उदार शक्ति ✔
3. गरुड़
4. रेड फ्लैग

Q.56 जब 1 ओम और 2 ओम वाले प्रतिरोध पार्श्व संयोजन में जुड़े होते हैं, तब प्रतिरोधों के संयोजन का तुल्य प्रतिरोध _____ होता है।

Ans
1. 3 ओम
2. (3/2)ओम
3. 2 ओम
4. (2/3)ओम ✔

Adda247

**Q.57** एक डीलर एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 30% की छूट देता है। यदि वस्तु का बिक्री मूल्य ₹12,460 है, तो उसका अंकित मूल्य कितना है?

**Ans**
✗ 1. ₹16,800
✗ 2. ₹17,860
✓ 3. ₹17,800
✗ 4. ₹16,760

**Q.58** L, P, R, V, X, Y और Z एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। R, V के ठीक दाईं ओर बैठा है। R के बाईं ओर से गिनने पर R और Z के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। V और P के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, Y के ठीक दाईं ओर बैठा है। Y के बाईं ओर से गिनने पर L और Y के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
✗ 1. एक
✗ 2. चार
✗ 3. तीन
✓ 4. दो

**Q.59** विभज्योतक ऊतक (meristematic tissue) की कोशिकाएं अत्यधिक क्रियाशील होती हैं, लेकिन उनके पास______ का अभाव होता है।

**Ans**
✓ 1. रसधानी
✗ 2. बहुत अधिक कोशिकाद्रव्य
✗ 3. स्पष्ट केंद्रक
✗ 4. पतली कोशिका भित्ति

**Q.60** यदि शब्द RELATION के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, और फिर अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के विपरीत क्रम में व्यवस्थित कर दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाएं से चौथे स्थान पर होगा?

**Ans**
✗ 1. M
✗ 2. Q
✗ 3. P
✓ 4. K

**Q.61** In the case of reflection of light from a concave mirror, when a parallel beam of light is incident on the reflecting surface, reflected light __________.

**Ans**
✗ 1. appears to converge at the centre of curvature
✗ 2. appears to diverge from the centre of curvature
✗ 3. appears to diverge from the principal focus
✓ 4. appears to converge at the principal focus

Q.62 निम्नलिखित में से किस घटना में एक ठोस, द्रव में परिवर्तित हो जाता है?

Ans
✗ 1. ऊर्ध्वपातन (Sublimation)
✓ 2. विखंडन (Fusion)
✗ 3. ठोसीकरण (Solidification)
✗ 4. निक्षेपण (Deposition)

Q.63 इस प्रश्न में, एक कथन के बाद I और II क्रमांकित दो कार्रवाइयां दी गई हैं। आपको कथन में दी गई सभी जानकारियों को सत्य मानना होगा और कथन में दी गई जानकारी के आधार पर निश्चय करना होगा, कि तार्किक रूप से किस/किन कार्रवाई/कार्रवाइयों का अनुसरण किया जाना चाहिए।

कथन:

सरकार द्वारा गठित विशेष कार्य बल ने पाया है कि नगर पालिका द्वारा संग्रह करने से पहले कई अपार्टमेंट परिसरों में जहरीले कचरे को सूखे कचरे के साथ मिलाया जा रहा है, जिससे कचरा प्रसंस्करण कर्मियों और पर्यावरण को गंभीर खतरा हो रहा है।

कार्रवाई:

(I) ऐसी स्थिति में अपार्टमेंट परिसरों पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए जहां संग्रह से पहले जहरीले और सूखे कचरे को ठीक से अलग नहीं किया जाता है।

(II) अपार्टमेंट परिसरों को अपार्टमेंट निवासियों को अपशिष्ट पृथक्करण पर स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने चाहिए।

Ans
✗ 1. न तो I और न ही II अनुसरण करता है
✗ 2. केवल I अनुसरण करता है
✓ 3. I और II दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 4. केवल II अनुसरण करता है

Q.64 एक व्यक्ति एक वस्तु को 25% के लाभ पर बेचता है। यदि उसने इसे 20% कम मूल्य पर खरीदा होता और ₹10.50 कम मूल्य पर बेचा होता, तो उसे 30% का लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. ₹50
✗ 2. ₹25
✗ 3. ₹100
✗ 4. ₹125

Q.65 निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व विद्युत् अपघटनी अपचयन का उपयोग करके निष्कर्षित किया जाता है?

Ans
✗ 1. Zn
✓ 2. Na
✗ 3. Pb
✗ 4. Fe

Q.66 यदि अंश में 2 और हर में 5 जोड़ दिया जाए तो भिन्न $\frac{1}{2}$ हो जाती है। यदि अंश और हर दोनों में से 2 घटा दिया जाए तो यह $\frac{1}{3}$ भी हो जाती है। भिन्न के हर और अंश के बीच धनात्मक अंतर क्या है?

Ans
✗ 1. 3
✓ 2. 2
✗ 3. 4
✗ 4. 1

**Q.67** **निम्नलिखित में से कौन-सा रोडमैप, सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के अनुरूप विकास एवं बाल संरक्षण प्राथमिकताओं को प्राप्त करने के लिए है?**

**Ans**

✗ 1. मिशन वरदान (Mission Vardan)

✗ 2. मिशन सुरक्षा (Mission Surksha)

✓ 3. मिशन वात्सल्य (Mission Vatsalya)

✗ 4. मिशन अर्पण (Mission Arpan)

**Q.68** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे समान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

कुछ राजा, नौकर हैं।

कुछ नौकर, लड़ाके हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ लड़ाके, राजा हैं।

(II) सभी नौकर, राजा हैं।

**Ans**

✓ 1. न तो निष्कर्ष I और न ही II कथनों के अनुसार है

✗ 2. केवल निष्कर्ष I कथनों के अनुसार है

✗ 3. केवल निष्कर्ष II कथनों के अनुसार है

✗ 4. निष्कर्ष I और II दोनों कथनों के अनुसार हैं

**Q.69** निम्नलिखित में से कौन-सा किए गए कार्य का SI मात्रक है?

**Ans**

✗ 1. मीटर

✓ 2. जूल

✗ 3. अर्ग

✗ 4. न्यूटन

Adda247

**Q.70** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे समान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

सभी कुर्सियां, मेज हैं।

कुछ मेज, पलंग हैं।

निष्कर्ष:

(I) सभी पलंग, कुर्सियां हैं।

(II) कुछ मेज, कुर्सियां हैं।

**Ans**

✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) कथनों के अनुसार है।

✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों कथनों के अनुसार हैं।

✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) कथनों के अनुसार है।

✓ 4. केवल निष्कर्ष (II) कथनों के अनुसार है।

**Q.71** एक विलयन में 250 g पानी में 25 g कॉपर क्लोराइड लवण है। विलयन के द्रव्यमान प्रतिशत के संदर्भ में विलयन की सांद्रता का परिकलन कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 18.01%

✗ 2. 27.01%

✓ 3. 9.09%

✗ 4. 36.01%

**Q.72** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✗ 1. LOT

✗ 2. GJO

✗ 3. SVA

✓ 4. CGK

**Q.73** 2024 तक प्राप्त जानकारी तक के अनुसार, जैसा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) द्वारा सूचित किया गया है, ग्लोब ई नेटवर्क (GlobE Network) की संचालन समिति में कितने सदस्य हैं, जिसमें भारत को एक सदस्य के रूप में चुना गया है?

**Ans**

✓ 1. 15

✗ 2. 10

✗ 3. 20

✗ 4. 12

**Q.74** यदि x : y = 7 : 3 है, तो (x - y ) : (x + y ) = ?

**Ans**

✗ 1. 5 : 2

✗ 2. 1 : 5

✗ 3. 5 : 1

✓ 4. 2 : 5

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.75 सुश्री प्रेमा धनराज को 2024 में मेडिसिन के क्षेत्र में कौन-सा पुरस्कार प्रदान किया गया है?

Ans
1. पद्म भूषण
2. पद्म श्री
3. पद्म विभूषण
4. भारत रत्न

2024/12/02-21:18:57

Adda247